लोक सभा अध्यक्ष श्री बिरला आज पुणे में

नई दिल्ली; 27 सितंबर, 2022 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला बुधवार को एक दिवसीय यात्रा पर पुणे जाएंगे। इस दौरान वे पुणे में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष श्री बिरला बुधवार सुबह नई दिल्ली से 8.40 बजे रवाना होकर विमान से सुबह 10.40 बजे पुणे पहुंचेंगे । एयरपोर्ट से वे सीधे गवर्नर हाउस जाएंगे जहां कुछ देर विश्राम के बाद वे सुबह 11.45 बजे हुजुरपागा पहुंचेंगे। वहां वे महाराष्ट्र गर्ल्स एजुकेशन सोसायटी के कॉमर्स कॉलेज कैम्पस के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के उपरांत वे पुनः गवर्नर हाउस लौटेंगे जहां वे शाम 6 बजे तक प्रबुद्धजनों से मिलेंगे। इसके बाद शाम 6.20 बजे से वे दौलतराम मंदिर सभागार में राजस्थानी समुदाय के सदस्यों से संवाद करेंगे। वहीं से वे दिल्ली लौटने के लिए एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे।